भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4420

दिनांक 19 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

.....

जल शक्ति अभियानः कैच द रेन

4420. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः

श्री जी. लक्ष्मीनारायणः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में जल शक्ति अभियानः कैच द रेन (जेएसएः सीटीआर) के अंतर्गत वर्ष-वार, राज्य-वार और घटक-वार, विशेषकर जिला-वार कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित, जारी और उपयोग की गई;

(ख) आन्ध्र प्रदेश में पलनाडु और अनंतपुर जिलों सहित जिला-वार कितने जल शक्ति केन्द्र (जेएसके) स्थापित किए गए हैं;

(ग) आन्ध्र प्रदेश में जल की कमी वाले अथवा ऐसे जिले जिन पर विशेष ध्यान दिया गया है, का ब्यौरा क्या है और ऐसे चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(घ) क्या इसमें पलनाडु और अनंतपुर जिलों को शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में उक्त अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, जल निकायों के निर्माण या पुनरुद्धार तथा वर्षा जल संचयन के लिए किए गए किसी विशेष उपाय का ब्यौरा क्या है और राज्य के प्राथमिकता प्राप्त जिलों में विशेषकर पलनाडु जिले में भू-जल स्तर में वृद्धि, निर्मित भंडारण क्षमता और लाभान्वित अथवा प्रस्तावित बस्तियों की संख्या जैसे मापनीय परिणाम क्या हैं; और

(च) आन्ध्र प्रदेश के सूखाग्रस्त जिलों, विशेषकर अनंतपुर जिले के लिए जेएसएः सीटीआर के अंतर्गत भावी कार्य योजना का ब्यौरा क्या है और इसमें कितना अतिरिक्त वित्तीय आवंटन किया गया है अथवा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (च): 'जल' के राज्य का विषय होने के कारण, जल संसाधनों से संबंधित पहलु-जिनमें इसका संरक्षण भी शामिल है-का अध्ययन, योजना बनाना, वित्तपोषण और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा उनके अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे उपायों और प्रयासों में सहयोग प्रदान करती है।

जल शक्ति मंत्रालय ने वर्ष 2019 में देश के जल की कमी वाले 256 जिलों में समयबद्ध, मिशन-मोड जल संरक्षण अभियान के रूप में जल शक्ति अभियान (जेएसए) शुरू किया। माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2021 में "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" (जेएसए: सीटीआर) की शुरूआत "कैच द रेन - वेयर इट फॉल्स, वेन इट फॉल्स" टैगलाइन के साथ किए। इस अभियान का विस्तार आंध्र प्रदेश सहित देश के सभी जिलों, ब्लॉकों और नगरपालिकाओं तक किया गया। इस अभियान के लक्षित कार्यकलापों में (1) जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन; (2) सभी जल निकायों की गणना, जियो-टैगिंग और सूची तैयार करना; इसके आधार पर जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएं तैयार करना; (3) सभी जिलों में जल शक्ति केंद्र स्थापित करना; (4) सघन वृक्षारोपण और (5) जागरूकता बढ़ाना शामिल हैं।

यह अभियान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), पर ड्रॉप मोर क्रॉप, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत मरम्मत, नवीनीकरण और पुनरूद्धार घटक, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (केम्पा) और वित्त आयोग अनुदान जैसी केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों की विभिन्न योजनाओं से समन्वित वित्तपोषण पर बल देता है।

जेएसए: सीटीआर अभियान देश भर में कार्यान्वित की जाती है और हर वर्ष चयनित विषय के आधार पर जिलों का चयन किया जाता है। विशेष फोकस जिलों के चयन के लिए अपनाए गए मानदंडों में अन्य बातों के साथ-साथ भूजल निष्कर्षण का चरण, भूजल स्तर में गिरावट, मानसून पश्चात् औसत जल स्तर और पेयजल की कमी वाले पहाड़ी क्षेत्र शामिल हैं।

जेएसए: सीटीआर 2023 के तहत, विषय "पेयजल के लिए स्रोत निरंतरता" था, और जल जीवन मिशन द्वारा विशेष फोकस वाले जिलों की पहचान की गई थी। जेएसए: सीटीआर 2024 अभियान के तहत, "नारी शक्ति से जल शक्ति" विषय के तहत, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा आंध्र प्रदेश के पलनाडु और अनंतपुर जिलों सहित विशेष फोकस वाले जिलों की पहचान की गई थी। जेएसए: सीटीआर 2025 को "जल संचय जन भागीदारी: जन जागरूकता की ओर" विषय के साथ शुरू किया गया था, जिसमें जमीनी स्तर पर मजबूत भागीदारी, अंतर-क्षेत्रीय समन्वय और नवीन वित्तपोषण तंत्र पर बल दिया गया था, जिसमें सीजीडब्ल्यूबी द्वारा पहचाने गए जिलों पर भी विशेष ध्यान दिया गया था।

जेएसए: सीटीआर 2024 के अंतर्गत लक्षित 151 जिलों और जेएसए: सीटीआर 2025 के अंतर्गत लक्षित 148 जिलों की सूची **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

जेएसए: सीटीआर पोर्टल के अनुसार पिछले पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश में जेएसए: सीटीआर अभियान के अंतर्गत कार्यकलाप-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार,

i. आंध्र प्रदेश के सभी 26 जिलों में एक जल शक्ति केंद्र स्थापित किया गया है।

ii. अनंतपुर जिले सहित राज्य के जल की कमी वाले जिले जेएसए: सीटीआर अभियान के अंतर्गत शामिल हैं, जहां वर्षा जल संचयन संरचनाओं, रूफ जल संचयन संरचनाओं, भूजल पुनर्भरण

संरचनाओं के निर्माण और पारंपरिक जल निकायों के पुनरूद्धार जैसे कार्य मनरेगा के तहत किए जाते हैं।

"जल संचय जन भागीदारी" (जेएसजेबी) पहल को 6 सितंबर 2024 को सूरत, गुजरात में जेएसए: सीटीआर अभियान को और मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था। जेएसजेबी पहल का उद्देश्य कम लागत और सैच्यूरेशन मोड़ में कम लागत वाली वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के लिए सामुदायिक कार्रवाई और भागीदारी को तेज करना है। यह पहल कम लागत वाली संरचनाओं जैसे कि बोरवेल, रिचार्ज शाफ्ट, रिचार्ज पिट के निर्माण के लिए सामुदायिक फंड, व्यक्तिगत दान, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड और अन्य का उपयोग करती है, जिसमें स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री का उपयोग किया जाता है, ताकि वर्षा जल का संचयन किया जा सके, भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सके और जल से संबंधित समस्याओं का स्थानीय रूप से अनुकूल समाधान किया जा सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज और सरकार के समग्र दृष्टिकोण का पालन करते हुए सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल की हर एक बूंद का संरक्षण किया जाए।

केंद्रीय भूमिजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार:

i. सीजीडब्ल्यूबी ने आंध्र प्रदेश राज्य के लगभग 1.41 लाख वर्ग किलोमीटर के संपूर्ण मानचित्रण योग्य क्षेत्र में राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण (एनएक्यूयूआईएम) परियोजना को पूरा कर लिया है। जलभृत मानचित्र और प्रबंधन योजनाएं तैयार कर ली गई हैं और कार्यान्वयन के लिए संबंधित राज्य एजेंसियों के साथ साझा कर दी गई हैं।

ii. पिछले पांच वर्षों में भूजल स्तर पर विभिन्न जल संरक्षण उपायों के प्रभाव का आकलन करने के लिए, मानसून पश्चात् वर्ष 2025 में जल स्तर में आए उतार-चढ़ाव और मानसून पश्चात् वर्ष 2020-2024 के औसत जल स्तर के बीच का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण से पता चला है कि आंध्र प्रदेश में निगरानी किए गए लगभग 83.5% कुओं और पालनाडु जिले में निगरानी किए गए लगभग 90% कुओं में भूजल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है।

iii. निरंतर और संचयी प्रयासों के परिणामस्वरूप, आंकड़ों से यह पता चलता है कि वर्ष 2020 और वर्ष 2025 के बीच आंध्र प्रदेश में भूजल संसाधन परिदृश्य में सुधार हुआ हैं। अति-दोहित मूल्यांकन इकाइयों का अनुपात वर्ष 2020 में 3.45% से घटकर वर्ष 2025 में 1.8% हो गया, गंभीर इकाइयों का अनुपात 2.25% से घटकर 0.4% हो गया और अर्ध-गंभीर इकाइयों का अनुपात 6.0% से घटकर 3.5% हो गया, जो भूजल स्थितियों पर चल रहे आपूर्ति-पक्ष पुनर्भरण उपायों, मांग-पक्ष प्रबंधन और नियामक कार्यकलापों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है।

*****

अनुलग्नक-I

'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 4420 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2024		
क्र. सं.	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के नाम**	**जिलों का नाम**
1	अंडमान और निकोबार	एन और एम अंडमान
2	आंध्र प्रदेश	पलनाडु
3	आंध्र प्रदेश	एसपीएस नेल्लोर
4	आंध्र प्रदेश	कुरनूल
5	आंध्र प्रदेश	पश्चिम गोदावरी
6	आंध्र प्रदेश	एनटीआर
7	आंध्र प्रदेश	अनंतपुरमु
8	आंध्र प्रदेश	प्रकाशम
9	अरुणाचल प्रदेश	तिरप
10	असम	उदलगुरी
11	असम	हैलाकांडी
12	असम	धुबरी
13	असम	बक्सा
14	बिहार	बेगूसराय
15	बिहार	कैमूर
16	चंडीगढ़	चंडीगढ़
17	छत्तीसगढ़	बस्तर
18	छत्तीसगढ़	बेमेतरा
19	छत्तीसगढ़	धमतरी
20	दमन एवं दीव और दादरा और नगर हवेली	दीव
21	दिल्ली	उत्तर पूर्व
22	दिल्ली	शाहदरा
23	दिल्ली	नई दिल्ली
24	दिल्ली	पश्चिम दिल्ली
25	गोवा	दक्षिण गोवा
26	गुजरात	वडोदरा
27	गुजरात	नर्मदा
28	गुजरात	देवभूमि द्वारका
29	गुजरात	बनासकांठा

30	गुजरात	मेहसाणा
31	गुजरात	पाटन
32	हरियाणा	जींद
33	हरियाणा	फतेहाबाद
34	हरियाणा	सिरसा
35	हरियाणा	कुरुक्षेत्र
36	हरियाणा	पानीपत
37	हरियाणा	महेंद्रगढ़
38	हरियाणा	रेवाड़ी
39	हरियाणा	कैथल
40	हरियाणा	गुड़गांव
41	हरियाणा	फरीदाबाद
42	हिमाचल प्रदेश	ऊना
43	हिमाचल प्रदेश	सोलन
44	जम्मू और कश्मीर	जम्मू
45	झारखंड	जामतारा
46	झारखंड	लोहरदगा
47	झारखंड	पलामू
48	झारखंड	देवघर
49	झारखंड	कोडर्मा
50	कर्नाटक	बेलगावी
51	कर्नाटक	हसन
52	कर्नाटक	बीजापुर
53	कर्नाटक	चिक्कमंगलुरु
54	कर्नाटक	गुलबर्गा
55	कर्नाटक	चिकबालापुर
56	कर्नाटक	बीदर
57	कर्नाटक	धारवाड़
58	कर्नाटक	चित्रदुर्ग
59	कर्नाटक	हावेरी
60	केरल	वायनाड
61	केरल	कासरगोड
62	केरल	मलप्पुरम
63	लद्दाख	कारगिल
64	लक्षद्वीप	लक्षदीप (अगत्ती और कवरत्ती)
65	मध्य प्रदेश	छतरपुर

66	मध्य प्रदेश	सीधी
67	मध्य प्रदेश	शिवपुरी
68	मध्य प्रदेश	नीमच
69	मध्य प्रदेश	गुना
70	मध्य प्रदेश	विदिशा
71	मध्य प्रदेश	राजगढ़
72	मध्य प्रदेश	अशोक नगर
73	मध्य प्रदेश	श्योपुर
74	मध्य प्रदेश	अगर मालवा
75	महाराष्ट्र	वर्धा
76	महाराष्ट्र	नासिक
77	महाराष्ट्र	बीड
78	महाराष्ट्र	जालना
79	महाराष्ट्र	सोलापुर
80	महाराष्ट्र	उस्मानाबाद
81	महाराष्ट्र	धुले
82	मणिपुर	इंफाल
83	मेघालय	पूर्वी खासी हिल्स
84	मिजोरम	आइजोल
85	नागालैंड	दिमापुई
86	ओडिशा	बोलंगीर
87	ओडिशा	ढेंकनाल
88	ओडिशा	रायगढ़
89	ओडिशा	नुआपाडा
90	पुडुचेरी	पुडुचेरी
91	पंजाब	भटिंडा
92	पंजाब	जालंधर
93	पंजाब	लुधियाना
94	पंजाब	पटियाला
95	पंजाब	अमृतसर
96	पंजाब	संगरूर
97	पंजाब	मोगा
98	पंजाब	बरनाला
99	पंजाब	मनसा
100	पंजाब	होशियारपुर
101	राजस्थान	जयपुर

102	राजस्थान	जैसलमेर
103	राजस्थान	बाड़मेर
104	राजस्थान	चुरू
105	राजस्थान	बीकानेर
106	राजस्थान	सीकर
107	राजस्थान	अलवर
108	राजस्थान	करौली
109	राजस्थान	दौसा
110	राजस्थान	जोधपुर
111	सिक्किम	गंगटोक
112	तमिलनाडु	कोयंबटूर
113	तमिलनाडु	वेल्लोर
114	तमिलनाडु	तिरुपथुर
115	तमिलनाडु	मयिलादुथुराई
116	तमिलनाडु	सलेम
117	तमिलनाडु	चेन्नई
118	तमिलनाडु	नमक्कल
119	तमिलनाडु	डिंडीगुल
120	तमिलनाडु	पेरम्बलूर
121	तमिलनाडु	तंजावुर
122	तेलंगाना	नलगोंडा
123	तेलंगाना	यादाद्री भुवनगिरी
124	तेलंगाना	हैदराबाद
125	तेलंगाना	भद्राद्री कोठागुडेम
126	तेलंगाना	आदिलाबाद
127	तेलंगाना	निर्मल
128	तेलंगाना	कामारेड्डी
129	तेलंगाना	वानापर्थी
130	तेलंगाना	कोमारामभीम आसिफाबाद
131	तेलंगाना	जोगुलम्बा गडवाल
132	त्रिपुरा	दक्षिण त्रिपुरा
133	त्रिपुरा	उत्तरी त्रिपुरा
134	त्रिपुरा	उनाकोटी
135	त्रिपुरा	धलाई
136	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज
137	उत्तर प्रदेश	लखनऊ

138	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र
139	उत्तर प्रदेश	आगरा
140	उत्तर प्रदेश	मुजफ्फरनगर
141	उत्तर प्रदेश	चित्रकूट
142	उत्तर प्रदेश	वाराणसी
143	उत्तर प्रदेश	ज्योतिबा फुले नगर
144	उत्तर प्रदेश	गौतम बुद्ध नगर
145	उत्तर प्रदेश	गाजियाबाद
146	उत्तराखंड	उधमसिंह नगर
147	उत्तराखंड	हरिद्वार
148	उत्तराखंड	चंपावत
149	पश्चिम बंगाल	झारग्राम
150	पश्चिम बंगाल	दक्षिण दिनाजपुर
151	पश्चिम बंगाल	मालदा

जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2025		
क्रम संख्या	**राज्य**	**जिले का नाम**
1	गुजरात	बनासकांठा
2	गुजरात	गांधीनगर
3	गुजरात	मेहसाणा
4	गुजरात	पाटन
5	हरियाणा	अंबाला
6	हरियाणा	भिवानी
7	हरियाणा	चरखी दादरी
8	हरियाणा	फरीदाबाद
9	हरियाणा	फतेहाबाद
10	हरियाणा	गुड़गांव
11	हरियाणा	जींद
12	हरियाणा	कैथल
13	हरियाणा	करनाल
14	हरियाणा	कुरुक्षेत्र
15	हरियाणा	महेंद्रगढ़
16	हरियाणा	पानीपत
17	हरियाणा	रेवाड़ी
18	हरियाणा	सिरसा
19	हरियाणा	सोनीपत

20	हरियाणा	यमुनानगर
21	कर्नाटक	बैंगलोर (आर)
22	कर्नाटक	बैंगलोर (यू)
23	कर्नाटक	चिक बल्लापुर
24	कर्नाटक	चित्रदुर्ग
25	कर्नाटक	कोलार
26	मध्य प्रदेश	इंदौर
27	मध्य प्रदेश	मंदसौर
28	मध्य प्रदेश	नीमच
29	मध्य प्रदेश	रतलाम
30	मध्य प्रदेश	शाजापुर
31	मध्य प्रदेश	उज्जैन
32	पंजाब	अमृतसर
33	पंजाब	बरनाला
34	पंजाब	भटिंडा
35	पंजाब	फरीदकोट
36	पंजाब	फतेहगर्ग साहिब
37	पंजाब	फिरोजपुर
38	पंजाब	गुरदासपुर
39	पंजाब	होशियारपुर
40	पंजाब	जालंधर
41	पंजाब	कपूरथला
42	पंजाब	लुधियाना
43	पंजाब	मालेरकोटला
44	पंजाब	मनसा
45	पंजाब	मोगा
46	पंजाब	पटियाला
47	पंजाब	मोहाली
48	पंजाब	नवांशहर
49	पंजाब	संगरूर
50	पंजाब	तरन तारन
51	राजस्थान	अजमेर
52	राजस्थान	अलवर
53	राजस्थान	बरन
54	राजस्थान	बाड़मेर
55	राजस्थान	भरतपुर

56	राजस्थान	भीलवाड़ा
57	राजस्थान	बीकानेर
58	राजस्थान	बूंदी
59	राजस्थान	चित्तौड़गढ़
60	राजस्थान	चुरू
61	राजस्थान	दौसा
62	राजस्थान	धौलपुर
63	राजस्थान	जयपुर
64	राजस्थान	जैसलमेर
65	राजस्थान	जालोर
66	राजस्थान	झालावाड़
67	राजस्थान	झुंझुनू
68	राजस्थान	जोधपुर
69	राजस्थान	करौली
70	राजस्थान	कोटा
71	राजस्थान	नागौर
72	राजस्थान	पाली
73	राजस्थान	प्रतापगढ़
74	राजस्थान	राजसमंद
75	राजस्थान	सवाई माधोपुर
76	राजस्थान	सीकर
77	राजस्थान	सिरोही
78	राजस्थान	टोंक
79	राजस्थान	उदयपुर
80	तमिलनाडु	चेन्नई
81	तमिलनाडु	डिंडीगुल
82	तमिलनाडु	मयिलादुथुराई
83	तमिलनाडु	नमक्कल
84	तमिलनाडु	पेरम्बल्लूर
85	तमिलनाडु	सलेम
86	तमिलनाडु	तंजावुर
87	तमिलनाडु	तिरुपथुर
88	तमिलनाडु	वेल्लोर
89	तेलंगाना	हैदराबाद
90	उत्तर प्रदेश	आगरा
91	उत्तर प्रदेश	फिरोजाबाद

92	उत्तर प्रदेश	जी.बी. नगर
93	उत्तर प्रदेश	गाजियाबाद
94	उत्तर प्रदेश	शामली
95	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	दादर नगर हवेली
96	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	दमन
97	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	दीव
98	दिल्ली	नई दिल्ली
99	दिल्ली	उत्तरी
100	दिल्ली	उत्तर पूर्व
101	दिल्ली	शाहदरा
102	दिल्ली	दक्षिण
103	छत्तीसगढ़	बेमेतरा
104	हरियाणा	पलवल
105	कर्नाटक	चमराजंगर
106	कर्नाटक	दावनगेरे
107	कर्नाटक	रामनगरम
108	कर्नाटक	तुमकुर
109	मध्य प्रदेश	अगर
110	पंजाब	रोपड़
111	तमिलनाडु	धर्मपुरी
112	तमिलनाडु	करूर
113	तमिलनाडु	कृष्णागिरी
114	उत्तर प्रदेश	जेपी नगर (अमरोहा)
115	उत्तर प्रदेश	बागपत
116	उत्तर प्रदेश	बुलंदशहर
117	उत्तर प्रदेश	हापुड़
118	उत्तर प्रदेश	हाथरस
119	उत्तर प्रदेश	महोबा
120	उत्तर प्रदेश	सहारनपुर
121	दिल्ली	पूर्व
122	दिल्ली	दक्षिण पूर्व
123	दिल्ली	दक्षिण पश्चिम
124	दिल्ली	पश्चिम
125	बिहार	जहानाबाद
126	झारखंड	धनबाद
127	केरल	कासरगोड

128	महाराष्ट्र	अहमदनगर
129	संघ राज्य क्षेत्र-पुडुचेरी	पुडुचेरी क्षेत्र
130	पश्चिम बंगाल	नादिया
131	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	उत्तर और मध्य एडमन
132	**आंध्र प्रदेश**	**गुंटूर**
133	अरुणाचल प्रदेश	पापुम पारे (ईटानगर)
134	असम	कामरूप
135	चंडीगढ़	चंडीगढ़
136	गोवा	गोवा उत्तर
137	हिमाचल प्रदेश	ऊना
138	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर
139	लद्दाख	कारगिल
140	लक्षद्वीप	कवरत्ती
141	मणिपुर	इम्फाल पश्चिम
142	मेघालय	दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स
143	मिजोरम	आइजोल
144	नागालैंड	दीमापुर
145	ओडिशा	देवगढ़
146	सिक्किम	सोरेंग
147	त्रिपुरा	पश्चिम त्रिपुरा
148	उत्तराखंड	हरिद्वार

अनुलग्नक - II

'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 4420 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

जल शक्ति अभियान: कैच द रेन						
राष्ट्रीय जल मिशन, जल शक्ति मंत्रालय						
आंध्र प्रदेश - कार्यकलाप-वार प्रगति (दिनांक 22-03-2021 से 16-03-2026 तक की स्थिति)						
जेएसए वर्ष	**जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन**	**पारंपरिक जल निकायों का नवीनीकरण**	**पुन: उपयोग और पुनर्भरण संरचनाएं**	**वाटरशेड विकास**	**जल संबंधी कुल कार्य (वर्षवार)**	**गहन वनीकरण**
2021	96908	16515	1383	24649	**139455**	800530
2022	78823	18397	310	19918	**117448**	211848
2023	78508	34291	1083	41239	**155121**	52247562
2024	40835	27136	7879	27159	**103009**	28373
2025	154469	46718	77590	89852	**368629**	97297
कुल	**449543**	**143057**	**88245**	**202817**	**883662**	**53385610**

*****